# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 504 वर्ष 40 — राँची, 31 मई, 2016


## मई दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह




मुख्यालय में अमर शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह

विगत 01 मई, अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर "विचार मंच" में "श्रमिक सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री प्रदीप कुमार तिवारी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, सीएमडी सीसीएल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (योजना/परियोजना) की धर्मपत्नी




सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं मु. स. पदाधिकारी

श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा, निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता प्रसाद, जेसीएससी एवं कल्याण बोर्ड के माननीय सदस्य, श्रमिक प्रतिनिधिगण, क्षेत्रिय महाप्रबंधक, मुख्यालय के मुख्य–महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कंपनी के कार्यनिष्पादन में श्रमिकों के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि लोग श्रम से महान होते हैं न कि जन्म से। आज इन्हीं श्रमिकों की कुर्बानी और सतत संघर्ष की वजह से हमें यह स्थान मिला है और इसलिए जरूरत है कि हम इनके दिखाये हुए मार्ग पर चलें और उनके सपनों को साकार करें। श्रमिक दिवस के मुख्य समारोह में सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों के कुल 137 सेवानिवृत कर्मियों को सीएमडी एवं निदेशकगण द्वारा सम्मानित किया गया।

## सी.एम.डी. ने दिलाई स्वच्छता शपथ




सीसीएल कर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

मुख्यालय राँची में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्ष तथा सी.सी.एल. कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री गोपाल सिंह ने सभी को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों में देखें तो सच्चाई यही है कि कोई भी कार्य तभी सफल होता है जब वह अभियान का रूप धारण करता है। श्री सिंह ने कहा कि सभी सीसीएल कर्मी पूरे मनोयोग से सफाई अभियान में लग जायें और प्रत्येक कर्मियों से स्वच्छता के लिए प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करें।

## "वात्सल्य बाल भवन" (क्रेच) का उद्घाटन




मुख्यालय में क्रेच का उद्घाटन करती सीसीएल की प्रथम महिला श्रीमती प्रमिला सिंह

अवसर विशेष पर सीसीएल की प्रथम महिला श्रीमती प्रमिला सिंह ने मुख्यालय की महिला कर्मियों के बच्चों के लिए दरभंगा हाउस में "वात्सल्य बाल भवन" (क्रेच) का उद्घाटन किया। इस क्रेच में 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहने, खेलने एवं पढ़ने की उत्तम व्यवस्था की गई है।

## ई–हेल्थ मैगजीन का विमोचन

सीएमडी श्री सिंह ने कर्मियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए सीएमएस इंचार्ज डॉ. नन्दिता अग्रवाल तथा उनकी टीम के दो डॉक्टर – डॉ. निर्मल कुमार एवं डॉ. सुमित कुमार द्वारा रचित एक ई–मैगजीन का विमोचन किया।

## "गोल्ड अवार्ड फॉर इनोवेशन इन रिक्रूटमेंट"

दिनांक 06–07 मई को मुंबई में ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुए एक कार्यक्रम में सीसीएल को "गोल्ड अवार्ड फॉर इनोवेशन इन रिक्रूटमेंट" से सम्मानित किया गया। अवार्ड केनरा बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री नरेंद्र द्वारा प्रदान किया गया। सीसीएल के तरफ से प्रतिनिधित्व कर रहे श्री पी.के. सिंह, वरीय प्रबंधक (का./भर्ती) एवं सुश्री प्रियंका, सहायक प्रबंधक (का./भर्ती) ने अवार्ड ग्रहण किया।

## अल्पाहार गृह कर्मियों को समर्पित

विगत 02 मई को सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कुजू क्षेत्र के कर्मा परियोजना में कर्मियों के लिए एक वातानुकूलित अल्पाहार गृह का विधिवत उद्घाटन किया। यह अल्पाहार गृह श्रमिकों के कल्याण हेतु निर्मित किया गया है। अवसर विशेष पर कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री ए के चौबे, परियोजना पदाधिकारी श्री पी नायक, स्टाफ ऑफिसर (असैनिक) श्री ए के साहु, वरीय प्रबंधक (का.) श्रीमती आहुती श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एनसीएल, डब्लूसीएल एवं एमसीएल के सीएमडी सम्मानित

विगत 30 मई को "विचार मंच" में सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने एनसीएल सीएमडी, श्री टी.के. नाग, डब्लूसीएल के सीएमडी श्री आर.आर. मिश्रा, एमसीएल के सीएमडी श्री ए.के. झा को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। कोल इंडिया के उपरोक्त तीनों कंपनियों के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक पूर्व में सी.सी.एल. में क्रमशः निदेशक (तक.–संचा), निदेशक (कार्मिक) तथा महाप्रबंधक पद को सुशोभित कर चुके हैं।

अपने संबोधन में सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल परिवार की ओर से तीनों अतिथियों का स्वागत किया और अपने–अपने अनुषंगी कंपनियों में बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए बधाई दी। उन्होंने कामना की कि आप सभी नये मुकाम को हासिल करें।



सीएमडी एनसीएल, डब्लूसीएल एवं एमसीएल को सम्मानित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सीएमडी एनसीएल श्री टी के नाग ने बताया कि सीसीएल में कार्यनिष्पादन करने के दौरान जो अनुभव मिला वह आज एनसीएल, सिंगरौली में बहुत काम आ रहा है और हमारे प्रदर्शन में कहीं ना कहीं सीसीएल का योगदान है। सीएमडी डब्लूसीएल श्री आर आर मिश्रा ने कहा कि सीसीएल में हमने जो भी सीखा है हर तरह की समस्याओं को सुलझाने में काम आ रहा है खास कर हमने एक टीम के रूप में काम करना सीखा है सीएमडी एमसीएल श्री एके झा ने कहा कि न सिर्फ सीसीएल में कार्य करने का अनुभव मिला बल्कि सीसीएल में कार्य के दौरान सीएमडी श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में कार्य करने से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि सीसीएल भविष्य में और अधिक तरक्की करे।

## पेयजल की व्यवस्था



मुख्यालय में पेयजल व्यवस्था का उद्घाटन करते निदेशक(कार्मिक) सीसीएल एवं निदेशक(कार्मिक) ईसीएल

विगत 03 मई, 2016 को मुख्यालय के गेट के समक्ष आम जनता के लिए गर्मी के दौरान पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त रूप से सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं ईसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री के.एस. पात्रो ने पेयजल की व्यवस्था का उद्घाटन किया।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)